## एक नजर में

### जिला स्तरीय प्रशिक्षण 10 एवं 11 मार्च को

**राजगढ़ 09 मार्च, का.** कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिला/चार्ज स्तरीय अधिकारियों के प्रशिक्षण के द्वितीय चरण में एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण 10 एवं 11 मार्च को प्रातः 10.30 से सायं 05.00 बजे तक का आयोजन किया जा रहा है. इस द्वितीय चरण के प्रशिक्षण में जिला जनगणना पुस्तिका संबंधी प्रशिक्षण के साथ-साथ सीएमएमएस पोर्टल पर हेण्डस-ऑन अभ्यास भी करवाया जाएगा. उन्होंने कहा कि जिला जनगणना अधिकारी, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी, अनुविभागीय जनगणना अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जनगणना लिपिक (जिला कार्यालय) तकनीकी सहायक, ग्रामीण चार्ज अधिकारी, अतिरिक्त चार्ज अधिकारी, जनगणना लिपिक (चार्ज कार्यालय) एवं तकनीकी सहायक को 10 मार्च को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा. साथ ही मुख्य नगरपालिका अधिकारी, जनगणना लिपिक (नगर पालिका/नगर पालिका परिषद) कार्यालय एवं तकनीकी सहायक का प्रशिक्षण 11 मार्च को प्रदान किया जाएगा. समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी नियत दिनांक तथा समय पर जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रशिक्षण हेतु अपनी उपस्थिति अनिवार्यतः सुनिश्चित करें.

### छात्रवृत्ति आवेदन की अंतिम तिथि 15 मार्च

**राजगढ़ 09 मार्च, का.** जिला संयोजक अनुसूचित जाति कल्याण विभाग सुश्री निशा जैन द्वारा बताया गया कि एमपीटीएएएससी पोर्टल पर अनुसूचित जाति पोस्ट मैट्रिक एवं प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 के नवीन एवं नवीनीकरण हेतु आवेदन 15 मार्च, 2026 तक आमंत्रित किए गए हैं. साथ ही समस्त पात्र विद्यार्थी निर्धारित समय सीमा में एमपीटीएएएससी पोर्टल पर आवेदन दर्ज करना सुनिश्चित करे.

### आवेदक को 25 हजार की आर्थिक सहायता

**राजगढ़ 09 मार्च, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा आवेदक धीरज वर्मा को रेडक्रॉस से 25 हजार रूपये की आर्थिक सहायता प्रदाय की गई. आवेदक धीरज वर्मा ने बताया कि आवेदक की पुत्री गंभीर बीमारी से ग्रस्त होने के कारण उसका इलाज पूर्व में भोपाल व इंदौर के प्राइवेट अस्पताल में किया गया है. वर्तमान में पुत्री का इलाज भोपाल एम्स व दिल्ली एम्स में ऑपरेशन होने की डॉक्टर ने जानकारी दी है. आवेदक की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण वह इलाज कराने में असमर्थ है.

### सबका साथ सबका विकास विषय पर वेबीनार



**ब्यावरा 09 मार्च, का.** स्थानीय नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय महाविद्यालय ब्यावरा में केंद्रीय बजट में माननीय प्रधानमंत्री के सबका साथ सबका विकास विषय पर आयोजित वेबीनार का सीधा प्रसारण प्रोजेक्टर पर दिखाया गया. इस ऑनलाइन कार्यक्रम में बजट 2026 में ऑरेंज इकोनॉमी (रचनात्मक अर्थव्यवस्था) के लिए किए गए प्रावधानों पर विभिन्न विभागों के विद्वानों एवं अधिकारियों द्वारा महत्वपूर्ण चर्चाएं की गई. इस लाईव कार्यक्रम में महाविद्यालयीन परिवार के साथ ही एनसीसी एनएसएस एवं अन्य बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहें.

# जिपं की बैठक में बिजली कंपनी का निंदा प्रस्ताव

## एसी को जिम्मेदार मानते हुए समस्याओं को लेकर निंदा प्रस्ताव जारी कर शासन को भेजा

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 09 मार्च, का. जिला पंचायत की साधारण सभा की बैठक में बिजली कंपनी के विरू द्ध सर्वसम्मति से निंदा प्रस्ताव जारी करते हुए शासन को प्रतिवेदन भेजा गया है. उक्त आशय की जानकारी जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया ने देते हुए बताया कि बिजली कंपनी के रवैये का असर सीधे तौर पर किसानों पर पड़ रहा है. कंपनी मनमाने ढंग से काम कर रही है. अधिकारी जवाबदेही तय नहीं कर पा रहे है.**

जिला पंचायत की बैठक में खराब बिजली व्यवस्था, अघोषित कटौती और लापरवाही के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया जा है. यह प्रस्ताव विद्युत विभाग के अधिकारियों की अनुपस्थिति, ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की कमी और सुस्त सुधार कार्य को लेकर नाराजगी दर्शाता है. प्रस्ताव में तत्काल सुधार की मांग की है. यह प्रस्ताव पंचायत स्तर पर जनता की समस्याओं को उठाने और बिजली विभाग को जवाबदेह बनाने का एक संवैधानिक तरीका है.

### विभागों की समीक्षा, व्यवस्था को लेकर जताई नाराजगी



जिला पंचायत की साधारण सभा की बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष चंदरसिंह सोंधिया की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में आयोजित की गई. बैठक में जिले में संचालित विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए. बैठक में विधायक राजगढ़ अमर सिंह यादव, विधायक खिलचीपुर हजारीलाल दांगी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पर्वत यादव सहित जिला पंचायत सदस्यगण एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे. बैठक में एजेंडा अनुसार कई महत्वपूर्ण विभागों की योजनाओं पर चर्चा की गई. इसमें प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत सड़कों के निर्माण एवं प्रगति की समीक्षा की गई. इसके साथ ही ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, शिक्षा विभाग, सर्व शिक्षा अभियान, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा जल निगम के कार्यों की भी विभागवार समीक्षा की गई. बैठक में मोहनपुरा-कुंडालिया एवं सुठालिया सहित जिले की अन्य सिंचाई योजनाओं की प्रगति पर भी चर्चा की गई और किसानों को अधिकतम लाभ दिलाने के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए. साथ ही आदिम जाति कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया. . बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा जिले के विकास कार्यों से जुड़े विभिन्न मुद्दे भी उठाए गए, जिन पर संबंधित अधिकारियों द्वारा जानकारी प्रस्तुत की गई. जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सोंधिया ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभागीय योजनाओं का क्रियान्वयन समय-सीमा में एवं गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ मिल सके.

### निंदा प्रस्ताव की मुख्य बातें

**अघोषित कटौती.** ग्रामीण और ग्रामीण क्षेत्रों में बिना पूर्व सूचना के की जा रही बिजली कटौती.

**सुस्त कार्यवाही-** बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा खराब ट्रांसफार्मर बदलने या टूटे खंभों को ठीक करने में लेटलतीफी.

**बैठक में अनुपस्थिति-** जिला पंचायत की बैठकों में विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों का शामिल न होना.

**निंदा और कार्यवाही-** बैठक में सर्वसम्मति से विभाग के रवैये की निंदा करते हुए उच्च अधिकारियों से शिकायत और जल्द सुधार की मांग करना. यह प्रस्ताव पंचायत स्तर पर जनता की समस्याओं को उठाने और बिजली विभाग को जवाबदेह बनाने का एक संवैधानिक तरीका है

# रंग का रिएक्शन, आंखों में जलन और त्वचा पर सूजन

## खिलचीपुर में रंगपंचमी के बाद लोगों को आई परेशानी



नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर 09 मार्च, सं.** रंग पंचमी पर हरे रंग से युवाओं के चेहरे और आंखों में संक्रमण, मची चिंता खिलचीपुर में रंग पंचमी के दिन होली खेलते समय बाजार से खरीदे गए हरे रंग के कारण कई युवाओं के चेहरे और आंखों में संक्रमण की शिकायत सामने आई है. घटना के बाद क्षेत्र में होली के रंगों की गुणवत्ता को लेकर चिंता बढ़ गई है. जानकारी के अनुसार दरजी गली के कुछ युवाओं ने बाजार से खरीदा हुआ हरा रंग लगाकर होली खेली. युवाओं का कहना है कि रंग लगाने के कुछ ही समय बाद शरद नामदेव, जगदीश गुप्ता, देवेंद्र नामदेव, कमल सोनी और राजू बैरागी समेत अन्य युवकों के चेहरे पर तेज जलन और सूजन शुरू हो गई. साथ ही आंखों में जलन और लगातार आंसू आने की समस्या भी होने लगी. युवाओं ने बताया कि शुरुआत में उन्होंने इसे सामान्य प्रतिक्रिया समझकर नजरअंदाज कर दिया.

लेकिन शाम को नहाने के बाद स्थिति और बिगड़ गई. युवाओं ने निजी मेडिकल स्टोर से आंखों की ड्रॉप और दवाइयां लेकर इलाज करने की कोशिश की, लेकिन उन्हें राहत नहीं मिली. अब तक पांच से अधिक युवाओं में इस तरह का संक्रमण पाया गया है, जबकि कुछ अन्य लोगों में भी इसी तरह की परेशानी की खबर मिल रही है. हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह हरा रंग बाजार की किस दुकान से खरीदा गया था और इसे कौन लेकर आया था.



# बाबा बदख्शानी दरगाह पर 112वें सालाना उर्स का आगाज आज से

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 09 मार्च, का.** जिला मुख्यालय स्थित हजरत बाबा बदख्शानी की दरगाह पर आयोजित होने वाला 112 वां सालाना उर्स आज मंगलवार से शुरू होगा. उर्स को लेकर दरगाह कमेटी द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. दरगाह कमेटी के सदर इलियास सिद्दीकी ने बताया कि उर्स का आगाज मंगलवार 10 मार्च को गुस्ल शरीफ की रस्म के साथ होगा. उर्स के अवसर पर दरगाह परिसर और आसपास मेले का आयोजन परंपरागत किया जाएगा, जिसमें प्रतिवर्ष की तरह मनोरंजन के लिए झूले, सर्कस, मौत का कुआं सहित विभिन्न दुकानों की व्यवस्था लगभग पूरी हो चुकी है. उन्होंने बताया कि उर्स से पूर्व परंपरा अनुसार कलश पेश करने की रस्म एक फरवरी को अदा की जा चुकी है. उर्स के दौरान बड़ी संख्या में जायरीन दरगाह पर पहुंचकर अकीदत के साथ हाजिरी देंगे. दरगाह परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं भी की जा रही हैं.

### 27 को कलश शरीफ, 25 मार्च को समापन

तय कार्यक्रम के अनुसार 27 फरवरी को कलश शरीफ की परंपरा निभाई है. वहीं आज 10 मार्च से उस मेले का आगाज होगा. आगामी 25 मार्च तक मेले का आयोजन होगा. आज गुस्ल शरीफ की रस्म अदा की जाएगी.

# सारंगपुर की बालिकाओं ने खो खो में लहराया परचम

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 09 मार्च, सं.** ग्राम स्वराज अभियान अंतर्गत कलेक्टर एवं जिपं सीईओ के निर्देशन मे पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के उदेश्य से जिला स्तरीय खो खो बालिका व कबड्डी बालक वर्ग का आयोजन किया गया. जिसमें खो-खो में सारंगपुर की बालिकाओं ने एक तरफा जीत हासिल कर नगर व जिले का नाम रोशन किया. कोच भारत भेरवे ने बताया की पहले पंचायत स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित की गई फिर जिला स्तर पर आयोजन हुवा प्रतियोगिता



में राजगढ़ जिले की 6 तहसील के खिलाड़ियों ने भाग लिया. फाईनल सारंगपुर व नरसिंहगढ़ का हुआ. जिसमे सारंगपुर 9 पाईंट से विजेता रहा. खिलाड़ियों मे आरती सोनी, महिमा पाटीदार, अर्चना ठाकुर, कोमल गोयल, प्रियांशी विश्वकर्मा, शीतल राजपूत, आशा पुष्पद, नीतू नागर, कीर्ति नागर, प्रियंका विश्वकर्मा, संध्या परमार, रूचि बैरागी शामिल रही. नगर के खिलाड़ियों को राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने शुभकामनायें देते हुए. उज्वल भविष्य की कामना की. इस अवसर पर सामन्यवक लालसिंह लोधा, नीलेश गौड़, राहुल गोड़, देव गिरजे, निखिल भेरवे, प्रियांशु भेरवे, नमन गुप्ता आदि ने बधाई दी.ह्य

### खाटू श्याम बाबा का भव्य कीर्तन 11 को

**नवभारत न्यूज, सुठालिया 09 मार्च, सं.** नगर में आगामी 11 मार्च बुधवार को खाटू श्याम का भव्य कीर्तन एवं फाग उत्सव भजन का आयोजन किया जाएगा. कीर्तन सायंकाल 7 बजे नगर के सैलिब्रेशन गार्डन में आयोजित किया जाएगा. जिसमें मुख्य रुप से विपिन एल नामदेव इंदौर, प्रीति सरगम सिंह जबलपुर आदि खाटू श्याम बाबा के सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देंगे. इस दौरान खाटू श्याम बाबा का अलौकिक श्रंगार कर छप्पन भोग एवं फुलों की होली के साथ फाग उत्सव भी मनाया जाएगा. जबलपुर के कलाकारों द्वारा फाग उत्सव में रंगारंग प्रस्तुति दी जाएगी. आयोजनकर्ता नगर के समस्त श्याम मित्र मंडल ने नगर व आसपास के क्षेत्र के सभी धर्म प्रेमी बंधुओं से उक्त भजन संध्या में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है.




# महिलाओं की सुरक्षा और आत्मरक्षा पर जोर

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 09 मार्च, सं. शासकीय महाविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया. इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ हिमांशु चाष्टा, पुष्पेन्द्र कुमार अहिरवार ने कहा कि महिला शक्ति सर्वोपरि है महिला को शक्ति स्वरूपा माना जाता है. हर महिलाओं को सामाजिक समानता और आत्मनिर्भर बनने पर जोर दिया. महिलाओं को संविधान के द्वारा समानता का अधिकार तथा सरकार महिलाओं की सुरक्षा हेतु विभिन्न आत्मरक्षा अभियान चलाएं जा रहे हैं.**

जिससे महिला प्रशिक्षित होकर अपनी स्वयं की रक्षा कर सके इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रभारी डॉ. कमल सिंह अहिरवार डॉ. वंदना चुटेल, डॉ.रीना पाटीदार, डॉ. रश्मि सोनी, कनीज अंसारी मोजूद रहे, तथा डॉ वंदना चुटेल, कनिज अंसारी ने अंतर्राष्टीय महिला दिवस पर विचार रखें इस मोके पर महिला स्टॉफ को पेन देकर सम्मानित किया गया.

जिसमें डॉ महेश नरवरिया डॉ. मनोहर परमार, डॉ ओम गुप्ता, ललित शर्मा, दिनेश दांगी आदि, संचालन ललित कुमार शर्मा ने किया. इस अवसर पर महाविद्यालय स्टॉफ एव छात्र/छात्राएं उपस्थित रहें.

# पूर्व मुख्यमंत्री सिंह से मिले इंकाजन

## शहर में बिजली, पानी की समस्याओं से अवगत कराया

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 09 मार्च, सं.** पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह से शनिवार को भोपाल में सारंगपुर के प्रतिनिधि मंडल ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप जैन के नेतृत्व मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया. जनपद सदस्य घनश्याम मालवीय ने बताया सारंगपुर क्षेत्र में पानी की कमी, बेरोजगारी, महंगाई, पंजीयन करने पहुंचे किसानों को वापस घर भेजना, बीमा मुआवजा की कार्रवाई करने जैसे मामलों पर ध्यान आकर्षित करवाया. इस ओके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता बाबूलाल मालवीया, कमल परमार, इसीन जैन, घनश्याम मालवीय, दिनेश पुरी गोस्वामी, महेश खाती, आशीष विश्वकर्मा, सुनील वर्मा आदि मौजूद थे.



### श्रीफूल माली समाज की कार्य करणी गठित



**नवभारत न्यूज, खिलचीपुर 09 मार्च, का.** होली पंचमी की वार्षिक बैठक आयोजित की गई. जिसमें समाज अध्यक्ष मनोज मालाकार के द्वारा सर्वसम्मति से नवीन कार्य करणी का गठन किया गया. जिसमें उपाध्यक्ष रोडजी मालाकार, घीसालाल मालाकार, कोषाध्यक्ष नीरज मालाकार (बैंक), उपकोषाध्यक्ष- महेश मालाकार, सचिव श्रीनाथ (मालाकार फ्लेक्स), उपसचिव-विष्णु मोरी (प्रकाश इलेक्ट्रिक), मीडिया प्रभारी आनंद मनिहारी सहित आयोजन समिति में विनोद (टीवी रिपेयरिंग) तारकेश, रवि, अंकित, कमलेश पेंटर, राजेश, मोहन आदि को शामिल किया गया है. साथ ही वरिष्ठ सलाहकार, राजनीतिक सलाहकार एवं कानूनी सलाहकार की नियुक्ति की गई.जो समाज की सहमति से कार्यकारणी गठित की गई जिससे पूर्ण समाज में हर्ष उल्लास है. आगामी कार्यक्रम रामनवमी उत्सव और सामूहिक विवाह सम्मेलन 30 अप्रैल की तैयारी की रूपरेखा भी बनाई गई.



# रंगपंचमी पर जमकर उड़ा रंग गुलाल फायर ब्रिगेड से रंगो की बौछार

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 09 मार्च, सं.** हिंदू उत्सव समिति के तत्वाधान में सात दिवसीय रंगारंग महोत्सव के अंतिम दिन रविवार रंग पंचमी पर पर्व नगर में जमकर रंग गुलाल एक दूसरे पर लगाए और नगर पालिका की फायर ब्रिगेड से रंगों की बौछार की गई. पुराना बस स्टेण्ड स्थित बाल रूप हनुमान मंदिर पर हनुमानजी की आरती कर चल समारोह की शुरुआत की. जो नगर के प्रमुख मार्ग से निकाल कर नया बस स्टेण्ड पर नपा द्वारा स्वल्पाहार के साथ चल समारोह का समापन हुआ. समारोह में राज्यमंत्री डा. गौतम टेटवाल, एसपी अमित तोलानी, हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष डॉ. ध्रुव भल्ला, मुक्ति धाम समिति अध्यक्ष अनिल बारकीय, नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि नीलेश वर्मा, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, अनिल जैन, फुलमाली समाज जिला अध्यक्ष संतोष पुष्पद, रमेश सिसोदिया, लोकेश पुष्पद, पूर्व पार्षद सतीश गिरजे, मनीष चौरसिया, प्रकाश सोनी, भगवान पुष्पद, प्रकाश सोनी, विष्णु जोशी,महेश प्रजापति, महेश सोनी,ईशान मंगल, सहित बी सख्या मे लोग उपस्थित थे. सद्भावना मंच द्वारा श्री कृष्ण कला मंदिर के पास सद्भावना विकास मंच के संयोजक निजाम कुरैशी, शेख बहादुर, अंजुमन कमेटी सादर अलीम बाबा, डॉ. रफीक शेख, जमा जामा मस्जिद के पास पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहम्मद अली द्वारा स्वागत किया गया. इस दौरान पूर्व नपाध्यक्ष प्रदीप सादानी, लखन धनगर, नावेद अली, गब्दू पठान, गोलू पुष्पद, पुराना बस स्टेड पर किराना व्यापारी मनीष चौरसिया द्वारा स्वागत किया गया.

### तलेन में हर्षोल्लास से मनाई रंगपंचमी

**नवभारत न्यूज, तलेन 09 मार्च, सं.** रविवार को में रंग पंचमी का उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. हिंदू धार्मिक उत्सव समिति के तत्वाधान में नगर में पारंपरिक रंगारंग गेर निकाली गई. गेर बैंड बाजे व ढ़ोलो के साथ यादव मोहल्ले स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर से प्रारंभ हुई जिसमें नगर के युवा बूढ़े और बच्चे जमकर थिरके. फायरबिग्रेड व टैंकरों से पानी की बौछार की गई. गेर यादव धर्मशाला पहुंचीं. कार्यक्रम में हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष चंद्रर सिंह यादव, थाना प्रभारी राकेश दामले, संघ के प्रांत सह बौद्धिक प्रमुख प्रमोद सिंह पवार, पत्रकार अवध नारायण उपाध्याय, पूर्व नगर भाजपा अध्यक्ष कैलाश मोहन यादव, पूर्व हिंदू धार्मिक उत्सव अध्यक्ष मनमोहन यादव ने उद्बोधन दिया. कार्यक्रम का संचलन गोपाल कृष्ण यादव ने किया. इस मौके पर नगर सहित बुरदा ,मिर्जापुर, काछीपुरा सहित आसपास के क्षेत्र के लोगो ने गेर में शामिल होकर एक दूसरे को रंग पंचमी की शुभकामनाएं दी.

**कार्रवाई** — कलेक्टर ने टीकाकरण कार्य में गति लाने के दिए निर्देश, खराब प्रदर्शन पर नोटिस, वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश

# लापरवाही पर सख्त कलेक्टर, सीएमओ के वेतन से कटेंगे 750 रुपए

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 09 मार्च, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा सोमवार को आयोजित समय सीमा बैठक में जिले में संचालित एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम की समीक्षा की गई. बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया कि टीकाकरण के लिए पात्र हितग्राहियों से स्वयं मिलकर वन-टू-वन संवाद किया जाए तथा अभिभावकों से सहमति फॉर्म भरवाना सुनिश्चित किया जाए.** साथ ही उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में कार्यक्रम की सख्त मॉनिटरिंग करें. साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यक्रम की प्रगति की प्रतिदिन शाम को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से स्वयं समीक्षा की जाएगी. बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए गए कि सभी स्कूलों में एचपीवी टीकाकरण के संबंध में आवश्यक पत्राचार किया जाए तथा स्कूलों में पात्र बालिकाओं के टीकाकरण की प्रक्रिया को स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय बनाकर पर्यवेक्षण किया जाए. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सभी एसडीएम से यह भी जानकारी ली कि एन्यूमरेटर और सुपरवाइजर की एंट्री की गई है या नहीं तथा उसका सत्यापन किया गया है या नहीं. उन्होंने नोडल अधिकारी को जनगणना कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए. इसके साथ ही सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि एचपीवी टीकाकरण में कार्य नहीं करने वाले सीडीपीओ एवं बीएमओ पर सख्ती से कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि कार्यक्रम का प्रभावी क्रियान्वयन हो सके. बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा संकल्प से समाधान अभियान की भी समीक्षा की गई. इस दौरान प्राप्त आवेदनों, स्वीकृत आवेदनों तथा उनके निराकरण की प्रगति की जानकारी ली गई. इसके अतिरिक्त समय-सीमा से बाहर लंबित आवेदनों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों पर जुर्माना लगाने के निर्देश भी दिए गए. लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत समय-सीमा के बाहर लंबित प्रकरणों पर नरसिंहगढ़ के तहसीलदार पर भी जुर्माना करने के निर्देश दिए गए. समीक्षा के दौरान समग्र ई-केवाईसी में खराब प्रदर्शन पर जनपद पंचायत खिलचीपुर, राजगढ़ एवं जीरापुर के सीईओ की एक वेतन वृद्धि रोकने हेतु संभागायुक्त को पत्राचार करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए. इसके साथ ही सार्थक अटेंडेंस ऐप पर उपस्थिति दर्ज न करने पर नागरिक आपूर्ति निगम का वेतन रोकने के निर्देश भी दिए गए. बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभागों के निष्क्रिय खातों का ई-केवाईसी शीघ्र कराना सुनिश्चित करें, ताकि खातों का सत्यापन एवं अद्यतन समय पर किया जा सके.

### सीएमओ, सचिवों पर कार्रवाई

साथ ही आयोजित समय सीमा बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा समय सीमा से बाहर लंबित आवेदन का निराकरण नहीं करने पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी ब्यावरा इकरार अहमद, सचिव ग्राम पंचायत चटक्या राधेश्याम पर 750 रुपए, सचिव ग्राम पंचायत कांकरिया सुश्री सलोनी अहिरवार पर 1000 रुपए, सचिव ग्राम पंचायत अमानपुरा रमेश चंद्र मालाकर पर 5000 रुपए, सचिव ग्राम पंचायत रूपपुरा श्री रामेश्वर सोलंकी पर 750 रुपए, सचिव ग्राम पंचायत सतनखेड़ी मनोहर सिंह सोलंकी पर 1500 रुपए एवं सचिव ग्राम पंचायत दूलतारिया प्रदीप पालीवाल पर 500 रुपए का जुर्माना अधिरोपित किया गया है.